सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - ३ अंक -७३ सोमवार –१३/०४/२०२६ पृष्ठ – ३ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

युद्ध समझौते के लिए पाकिस्तान में बातचीत शुरू हुई है, जिसमें कई मुस्लिम देशों के विदेश मंत्री शामिल हैं। हालांकि ईरान सीधे संवाद से इनकार कर रहा है और क्षेत्रीय तनाव बढ़ता जा रहा है। जंग के कारण दुनिया पर आर्थिक दबाव बढ़ने लगा है।

अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते के लिए रविवार को पाकिस्तान में बातचीत शुरू हो गई। सऊदी अरब, तुर्किये और इजिप्ट के विदेश मंत्री भी इस्लामाबाद पहुंचे हैं। एक दिन पहले यानी शनिवार को अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भरोसा जताया था कि युद्ध कुछ हफ्तों में खत्म हो जाएगा। पश्चिम एशिया में बढ़ती अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी से जुड़ी चिंताओं को भी उन्होंने यह कहकर खारिज कर दिया था कि युद्ध में थल सेना की जरूरत नहीं पड़ेगी।

यह पूरा सीन उम्मीदें जगाने वाला भी लगता है, लेकिन इसके साथ कई बड़ी चुनौतियां भी हैं। ईरान ने अमेरिका से सीधे बातचीत से इनकार कर दिया है, यानी अब दोनों के बीच संवाद के लिए कोई तीसरा पक्ष सामने आएगा। अमेरिका ने समझौते के लिए जो शर्तें रखी हैं, ईरान उससे इनकार करता आ रहा है। सऊदी अरब का रुख भी अहम रहेगा, क्योंकि खबरें हैं कि वह ईरान पर अमेरिकी हमले के समर्थन में भी था।

फिर शनिवार को ईरान समर्थित हूती विद्रोही भी जंग में शामिल हो गए, जिससे स्थिति और जटिल हो गई। इस्राइल भले ही कह रहा है कि वह कई मोर्चों पर लड़ने के लिए तैयार है, लेकिन हालात पहले से अलग और चुनौतीपूर्ण हैं। लेबनान में हिजबुल्लाह के साथ टकराव जारी है, जबकि गाजा में भी बड़े पैमाने पर सैन्य संसाधन लगे हुए हैं। ऐसे में इस्राइल पर दबाव और बढ़ता दिख रहा है।

इस लड़ाई का दुनिया पर बुरा असर पड़ रहा है। यूं तो डॉनल्ड ट्रंप दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि हॉर्मुज स्ट्रेट बंद होने से अमेरिका पर फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन वहां गैस के दाम ३५: तक बढ़ चुके हैं, जबकि यूरोप में ८०: तक।

## ईरान अमेरिका की 21 घंटे चली बातचीत बेनतीजा , ईरान को फायनल ऑफर दिया-जेडी वेंस, ट्रम्प की शर्त ज्यादा सख्त-ईरान

**अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान से बातचीत फेल होन के बाद प्रेस कॉंम्फ्रेस कर जानकारी दी**





*पाकिस्तान में ईरान और अमेरिका के बीच शांति को लेकर चल रही बातचीत बेनतीजा रही। यह 21 घंटे से ज्यादा समय तक चली। रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों के बीच होर्मुज स्ट्रेट खोलने और न्यूक्लियर प्रोग्राम पर पेंच फंसा है। वेंस अपनी टीम के साथ अमेरिका के लिए रवाना हो गए हैं। लौटने से पहले उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि अमेरिका बिना डील के लौट रहा है। यह अमेरिका से ज्यादा ईरान के लिए बुरी खबर है।*

*उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी समझौते के लिए जरूरी है कि ईरान ये वादा करे कि वह परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। अमेरिका की शर्तें स्पष्ट थीं, लेकिन ईरान ने उन्हें नहीं माना। वेंस ने यह भी कहा कि आगे समझौते की संभावना पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। उन्होंने कहा, हम उन्हें फाइनल ऑफर देकर जा रहे हैं। अब देखना है कि ईरान इसे मानता है या नहीं।वहीं, ईरान ने कहा कि अमेरिका की शर्तें जरूरत से ज्यादा सख्त थीं। इस वजह से समझौते का रास्ता नहीं निकल पाया।*

*नेतन्याहू बोले– अभियान अभी खत्म नहीं–इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई अभी खत्म नहीं हुई है। उनका कहना है कि हमले इसलिए किए गए क्योंकि ईरान परमाणु हथियार बनाने के करीब था। उन्होंने दावा किया कि इन हमलों से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को बड़ा नुकसान पहुंचा है।*

*पाकिस्तान में बातचीत बेनतीजा– अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की इस्लामाबाद में ईरान के साथ बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकला। वेंस ने कहा कि हमें पूरी तरह भरोसा चाहिए कि ईरान न तो परमाणु हथियार बनाएगा और न ही ऐसी तैयारी करेगा जिससे वह जल्दी हथियार बना सके अमेरिकी सेना के सेंटकॉम ने कहा है कि अमेरिकी युद्धपोत समुद्री रास्ते को सुरक्षित बनाने की तैयारी कर रहे हैं। आरोप है कि ईरान ने इस अहम समुद्री मार्ग में बारूदी सुरंगें बिछाई हैं।*

*ईरान बोला– होर्मुज हमारे कंट्रोल में, यहां से गुजरना है तो टोल दो अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत के बाद अब होर्मुज स्ट्रेट को लेकर बयानबाजी तेज हो गई है। ईरान के उप संसद अध्यक्ष हाजी बाबाई ने कहा है कि यह स्ट्रेट पूरी तरह ईरान के कंट्रोल में है।*

*उन्होंने इसे तेहरान के लिए रेड लाइन बताया और कहा कि यहां से गुजरने वाले जहाजों को ईरानी करेंसी रियाल में टोल देना होगा। वेंस बोले– सीजफायर वार्ता नाकाम रहने से ईरान को ज्यादा नुकसान*

*अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का कहना है कि सीजफायर वार्ता नाकाम होने का सबसे ज्यादा नुकसान ईरान को होगा। वेंस के मुताबिक अमेरिका ने अपना आखिरी और सबसे अच्छा प्रस्ताव दिया था।*

## न्यायालय ने तीन साल पहले हुए महुडियं हत्याकांड में आरोपी को उम्र कैद की सजा सुनाई।

*रामेश खारोल हत्यांकांड में ओरोपी को सजा*

*नीमच जिले के महुड़िया में तीन साल पुराने रमेश खारोल हत्याकांड में न्यायालय ने फैसला सुनाया है। प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश वीरेंद्रसिंह राजपूत ने आरोपी कमलेश उर्फ कमल प्रजापत को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 5000 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई। जिला लोक अभियोजक चंचल बाहेती के अनुसार, यह घटना 31 जुलाई 2023 की है। महुड़िया निवासी रमेश खारोल रात करीब 8 बजे अपनी पत्नी को बताकर घर से निकले थे कि वे गांव से होकर आ रहे हैं। जब रमेश देर रात तक वापस नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। अगले दिन 1 अगस्त 2023 को उनके पुत्र रविंद्र ने थाना बघाना में गुमशुदगी दर्ज कराई।*

*तलाश के दौरान, रमेश का शव गांव के बंशीलाल शर्मा की बीड़ और अशोक शर्मा के खेत के पास मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की, जिसमें तथ्य सामने आए। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी कमल उर्फ कमलेश का रमेश के साथ झगड़ा हुआ था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 302 के तहत हत्या का प्रकरण दर्ज किया। विचारण के दौरान, अभियोजन पक्ष ने कुल 23 गवाहों के बयान दर्ज कराए। जिला लोक अभियोजक चंचल बाहेती और अपर लोक अभियोजक इमरान खान ने मामले में ठोस सबूत पेश किए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद, न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।*

## अफिम तोल केन्द्र पर किसानो का हंगामा

*नीमच के मालाखेड़ा स्थित अफीम तोल केंद्र पर शनिवार को किसानों ने जांच प्रक्रिया के खिलाफ प्रदर्शन किया। किसानों के विरोध के कारण करीब दो घंटे तक अफीम की तुलाई का काम बंद रहा।*

*किसानों का आरोप है कि विभाग द्वारा उनके उच्च गुणवत्ता वाले अफीम को जानबूझकर श्वॉटर मिक्सश बताकर अस्वीकार किया जा रहा है। किसानों ने बताया कि पिछले साल तक गुणवत्ता की जांच मशीनों से होती थी, लेकिन इस बार अधिकारी हाथ से अफीम की परख कर रहे हैं। उनका कहना है कि हाथों से छूकर गुणवत्ता का सटीक आकलन संभव नहीं है।*

## सिंगर आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन

**आशा भोसले के चेस्ट मे इंफेक्शन था ब्रीच कॅंडी होस्पटल मे ली अंतिम साँस**

*सिंगर आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन हो गया है। रविवार दोपहर मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्हें शनिवार शाम को यहां भर्ती किया गया था। ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल के डॉ. प्रतीत समदानी ने न्यूज एजें पीटीआई को बताया कि आशा भोसले को कई मेडिकल समस्याएं थीं और मल्टी–ऑर्गन फेल्योर यानी कई अंग फेल होने के कारण उनका निधन हुआ। आशा भोसले के बेटे आनंद भोसले ने बताया कि जो लोग अंतिम दर्शन करना चाहते हैं, वे कल सुबह 11 बजे उनके घर आ सकते हैं। अंतिम संस्कार कल शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा।*

*12,000 से ज्यादा गाने गाए – आशा भोसले ने अपने करियर में 20 से अधिक भाषाओं में 12,000 से ज्यादा गाने गाए। उनके गाने श्इन आंखों की मस्ती, दम मारो दम, पियातू अब तो आजा और चुरा लिया है तुमने आज भी लोकप्रिय हैं।*

## जावद में दो पक्षों मे बच्चे के विवाद को लेकर मारपीट, चली लाठियाँ, पाँच घायय , पुलिस जाँच में जुटी ।

*जावद में बच्चों के विवाद को लेकर शुक्रवार को दो पक्षों में संघर्ष हो गया। घटना में दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हुए हैं, जिन्हें नीमच जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल, दो दिन पहले हुए विवाद के बाद आज शुक्रवार को दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। घायलों में एक पक्ष से आदर्श मोहल्ला जावद निवासी निजाम (30), सद्दाम (35) और शहजाद (38) शामिल हैं। निजाम के सिर में गंभीर चोट आई है और उनका पैर भी फ्रैक्चर बताया जा रहा है। इस पक्ष ने बुकदाद पिता नूर मोहम्मद, जुनैद पिता बुकदाद, मुख्तार पिता रफीक, शाकिर पिता रफीक और रियाज पिता रफीक पर मारपीट, गाड़ियों में तोड़फोड़ और पत्थरबाजी करने का आरोप लगाया है। दूसरे पक्ष से आदर्श मोहल्ला जावद निवासी मुख्तार (22) और बगदाद (53) भी घायल हुए हैं। बगदाद के सिर में गंभीर चोट आई है। शहजाद पक्ष ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने मारपीट के साथ–साथ घर के बाहर खड़े वाहनों में तोड़फोड़ की और पत्थर भी बरसाए।*

## सिलीगुडी में पीएम मोदी टीएमसी ने मदरसो को 6000 करोड दिए अब 15 साल का हिसाब देना होगा ।

**अमेरिाका उसकी सहायता नही करेगा जो अमेरिका की सहयता के लिए नही आए**

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि टीएमसी ने मदरसों के लिए 6000 करोड़ दिए, लेकिन विकास के लिए कुछ नहीं किया। वह सिर्फ अपने खास वोट बैंक के लिए पैसे देती है। आपने टीएमसी के शासन काल में बंगाल की बर्बादी देखी है। अब उन्हें 15 साल का हिसाब देना होगा। उन्होंने कहा कि बंगाल से टीएमसी का जाना तय है। कल मेरे रोड शो में लोगों ने जो प्यार दिखाया, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। आज सिलीगुड़ी की यह जनसभा टीएमसी की नींद उड़ा देगी। पीएम का आज पश्चिम बंगाल दौरे का दूसरा दिन है। उन्होंने सिलीगुड़ी में जनसभा की। मोदी ने दार्जिलिंग की सभी 5 और जलपाईगुड़ी जिले की सभी 7 सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे। पीएम मोदी ने सीएए (नागरिकता संशोधन अधिनियम) का भी जिक्र किया। उन्होंने 'कमल खिलाओ, घुसपैठिया भगाओ' के नारे लगाते हुए कहा कि टीएमसी की सरकार निर्मम है,*

## रेत खाली करते समय करंट लगने से मजदुर की मौत ।

*सिटी थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलिया नाथावत में बुधवार मकान निर्माण के लिए रेत खाली करते समय डंपर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया, ओर मोके पर ही एक मजदूर नरेन्द्र की करंट लगने से मौत हो गई। भोलियावास का रहने वाला 35 वर्षीय नरेंद्र माली, ठेकेदार लोकेश धाकड़ के पास मजदूरी करता था। सुबह करीब 10 बजे वह नारायण सिंह के घर रेत खाली करवा रहा था। जैसे ही डंपर का हिस्सा ऊपर उठा, वह वहां से गुजर रही बिजली की हाईटेंशन लाइन से टकरा गया। हादसे की खबर मिलते ही अस्पताल में भारी भीड़ जमा हो गई। परिजन और बरखेड़ा उपसरपंच अशोक माली ने ठेकेदार और डंपर ड्राइवर पर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि ऊपर बिजली के तार होने के बावजूद ठेकेदार ने सुरक्षा का ध्यान नहीं रखा और ड्राइवर ने भी लापरवाही से गाड़ी आगे–पीछे की।*



# डिजीटल संस्करण https://sbpatra.in पर उपलब्ध



सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

## स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)

https//:sbpatra.in


पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

YouTube

## SWATANTRA BODDHIK PATRA

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/




(1)

गुगल सर्च करे - https://sbpatra.in/




(2)

होम पेज पर केटेगिरी मे जाए




(3)

ई-पेपर केटेगिरी चुने




(4)

समाचार पत्र आपके सामने क्लिक करे !

# नि:शुल्क ई-पेपर प्रति सोमवार को वेब पोर्टल

# https://sbpatra.in/

# से डाउनलोड कर सकते है।

# स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)



## https//:sbpatra.in



## पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध